मुद्रा-स्फीति में वृद्धि

306. **श्री राम जेठमलानी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने कृपा करेंगे कि :

(क)क्या सरकार का ध्यान दिनांक 20 जनवरी 7 के दैनिक समाचार पत्र "बिजनैस स्टेण्डर्ड" में फ्लेश राइजेज टू 7.75 प्रतिशत शीर्षक से प्रकाशित" चार की ओर दिलाया गया हैं;

(ख)यदि हां, तो देश में मुद्रस्फीति में वृद्धि के में तथ्य क्या हैं; और

(ग)जनवरी माह के दौरान, देश में मुद्रास्फीति मे के क्या कारण थे तथा मुद्रस्फीति की अधिकतम के संबंध में सरकार का क्या अनुमान हैं ?

वित्त मंत्री (श्री पी. चिदम्बरम) : (क) जी, हां

(ख) और (ग) वार्षिक मुद्रास्फीति दर अप्रैल-जून, की पहली तिमाही के अन्त में गिर कर 4.2 प्रतिशत पहुंचने के बाद, जुलाई, 1996 के अन्त में 3.7.1996 षित पैट्रोलियम पदार्थों की नियंत्रित कीमतों में लगभग प्रतिशत के लम्बे समय से प्रतीक्षित समायोजन के परिणामस्वरूप बढ़कर 6.3 प्रतिशत हो गई । मुद्रस्फीति 7 प्रतिशत से कम का यह स्तर नवम्बर, 1996 तक यहा । तथापति, खाद्यान्नों, विशेषकर गेहूं की कीमतों में वृद्धि से उत्पन्न हुए मुद्रस्फीतिकारी दबाव के प्रवाह ने मुद्रस्फीति दर को जनवरी, 1997 के शुरू 5 प्रतिशत (अर्नतिम) तक बढ़ा दिया । खाद्यान्नों, कर गेहूं के उत्पादन में 3 मिलियन टन की गिरावट उसके परिणामस्वरूप गेहूं की 4 मिलियन टन की वसूली मुद्रास्फीति में अद्यतन बढ़ोत्तरी की प्रवृति - कारण था । इस स्थिति का नवम्बर, 1996 से उच्चतर खुली बाज बिक्री करके और 2 मिलियन के गेहूं के आयात का भी सहारा लेकर तत्परतापूर्वक धारण किया गया ।

ऋण के संबंध में ऋण की किस्त और ब्याज भुगतान की राशियों में वृद्धि

7. **श्री राम जेठमलानी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने करेंगे कि :

(क)क्या यह सच हैं कि वर्ष 1994-95, 1995-96 और 1996-97 के दौरान, विदेशी ऋण के भुगतान के ऋण की किस्त राशि और ब्याज राशि में निरन्तर हुई हैं;

(ख)यदि हां, तोउपर्युक्त वर्षों में प्रत्येक वर्ष के ऋण की किस्त राशि और ब्याज राशि कितनी-कितनी हैं; और

(ग)मार्च, 1995,1996 और 1997 के प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में विदेशी ऋण की अनुमानित राशि कितनी-कितनी हैं ?

वित्त मंत्री (श्री पी. चिदमरम) : (क) और (ख) जी, हां । वर्ष 1994-95, 1995-96 और 1996-97 के दौरान विदेशी ऋण पर मूल और ब्याज भुगतान सहित ऋण सेवा अदायगियां कुल रूप में नीचे दर्शाई गई हैं :-

(मिलियन अमरीकी डालर)

	1994-95	1995-96	1996-97*
मूल वापसी-अदायगियां	6825	8063	8824
ब्याज भुगतान	4099	4315	4719
कुल ऋण सेवा	10,924	12,378	13,543

*(अनुसार अनुमान)

(ग) विदेशी ऋण बकाया के लिए अद्यतन अनुमान 31 मार्च, 1996 के लिए हैं । पिछले तीन वर्षों के लिए बकाया ऋण इस प्रकार था :-

(मिलियन अमरीकी डालर)

निम्न तिथियों की स्थिति के अनुसार		
31.3.94	31.3.95	31.3.96
92,695	99,008	92,199

Schemes devised for bringing out un-accounted money for development activities

308. DR. B.B. DUTTA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government have latest estimates of unaccounted money in the economy;

(b) if not, whether there is a move to have a fresh estimate of unaccounted money at present;

(c) whether the National Development Council had recently asked Govemment to devise a scheme by which unaccounted money can be brought for development activities;

. (d) if so, the details thereof; and

(e) what are Government plans in this regard?